भारत सरकार
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय
वाणिज्य विभाग
उद्योग भवन
नई दिल्ली

# निर्यातक प्रश्नावली

पाटनरोधी एवं संबद्ध शुल्क महानिदेशालय
ई–मेलः moc_antidump@ub.delhi.nic.in

## प्रस्तावना

इस निदेशालय ने पाटनरोधी जांच में अपेक्षित सूचना मंगाने के लिए निर्यातक प्रश्नावली को सरल और कारगर बनाने की जरूरत महसूस की है । इस प्रकाशन में जांच के अधीन उत्पाद के निर्यातकों से सूचना मंगाने वाली प्रश्नावली के लिए संशोधित प्रपत्र और दिशानिर्देश दिए गए हैं ।

निर्यातकों से अनुरोध किया जाता है कि वे संशोधित प्रपत्र के प्रत्येक भाग में मांगी गई सूचना को निर्दिष्ट प्राधिकारी द्वारा विहित समय सीमा के भीतर पूर्ण रूप से और सही–सही प्रस्तुत करें ।

निर्यातक प्रश्नावली वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की आधिकारिक वेबसाइड www.commin.nic.in (http://commin.nic.in/doc/antidump.htm). पर डाउनलोड करने के लिए भी उपलब्ध है ।

निदेशालय के अधिकारी प्रश्नावली पूरा करने के लिए अपेक्षित किसी भी स्पष्टीकरण के लिए उपलब्ध रहेंगे ।

# सामान्य

## प्रस्तावना

1. वर्ष 1995 में यथा संशोधित सीमाशुल्क और टैरिफ अधिनियम, 1975 की धारा 9 क, 9ख और 9 ग तथा उसके अंतर्गत बनाई गई सीमाशुल्क टैरिफ (पाटित वस्तुओं की पहचान, उन पर पाटनरोधी शुल्क का आकलन और संग्रहण तथा क्षति निर्धारण नियमावली), 1995 पाटनरोधी जांच करने और पाटनरोधी शुल्क लगाने के लिए विधिक आधार हैं । ये कानून पाटनरोधी करार पर आधारित है जो गैट 1994 के अनुच्छेद–VI के अनुपालन में है ।

एक बार प्रथम दृष्टया पाटन, क्षति और कारणात्मक संबंध सिद्ध हो जाने पर , निर्दिष्ट प्राधिकारी जांच शुरू करते हैं । प्रारंभिक और/या अंतिम जांच परिणाम रिकॉर्ड किए जाने से पहले मामले की पूरी जांच करनी होती है । जांच प्रक्रिया में ज्ञात हितब' पक्षकारों, निर्यातकों/उत्पादको; आयातकों और याचिकाकर्ता/कर्ताओं से एक प्रश्नावली के जरिए विभिन्न मापदंडों संबंधी सूचना लेना और यदि आवश्यक हो तो उनकी जांच करना शामिल है ।

2. आगामी पृष्ठों पर दी गई प्रश्नावली निर्दिष्ट प्राधिकारी को वर्तमान जांच के लिए हितबद्ध से आवश्यक समझी गई सूचना प्राप्त करने के लिए सीमाशुल्क टैरिफ (संशोधन) अधिनियम, 1995 और उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों के अधीन निर्दिष्ट प्राधिकारी को सक्षम बनाने के लिए निर्दिष्ट की गई है । प्रश्नावली का यथासंभव सही और पूर्ण उत्तर देना और जहां व्यवहार्य हो समर्थक दस्तावेज लगाना पक्षकार के स्वयं के हित में होता है।

3. प्रश्नावली ''रिक्त स्थान भरने'' जैसी ही नहीं है और इसमें प्रश्नों के उत्तर प्रस्तुत करने की व्यवस्था है । यह सूचना बिल्कुल प्रश्नावली के अनुसार ही होनी चाहिए और वांछित रूप से प्रश्नावली के क्रम में ही होनी चाहिए और इसमें प्रदत्त घोषणा संलग्न करें । जहां सांख्यिकीय या लेखांकन आंकड़े अपेक्षित हों, वहां परिशिष्ट दिए गए हैं जिनमें आंकड़ों के प्रस्तुतीकरण के लिए प्रपत्र दिया गया है ।

4. यदि आप इस जांच में शामिल उत्पाद के उत्पादक नहीं हैं तो आप इस प्रश्नावली के उत्तर में इसके आपसे संबंधित होने की सीमा तक सूचना प्रदान कर सकते हैं और वास्तविक उत्पादक (कों) का नाम और पता (पते) बता सकते हैं । इसी के साथ आपसे अनुरोध किया जाता है कि आप संबंधित उत्पादक (उत्पादकों) को निर्दिष्ट प्राधिकारी द्वारा मांगी गई सूचना विनिर्दिष्ट समय सीमा के भीतर प्रस्तुत करने की सलाह दें । आपसे यह भी अपेक्षा की जाती है कि आप भारत को निर्यात किसी तीसरे देश को और घरेलू बिक्रियों के लिए खरीद हेतु नियमों तथा शर्तों तथा उत्पादक

(उत्पादकों) के साथ किए गए पत्राचार की प्रतियां प्रस्तुत करें । आपसे यह भी अपेक्षा है कि आप प्रत्येक उत्पादक से उत्पाद की खरीद की मात्रा, मूल्य और इकाई कीमत तथा खरीद के पश्चात और भिन्न–भिन्न बाजारों में नौवहन तक आपके द्वारा वहन किए गए खर्च भी प्रस्तुत करें । यदि आपने खरीद के बाद परन्तु किसी बाजार को पोतलदान से पहले उत्पाद को प्रसंस्कृत किया है तो उस पर हुए खर्च सहित तत्संबंधी ब्यौरे संलग्न करें ।

5. यदि आपके देश में कच्ची सामग्री, श्रम (मजदूरी), सुविधाओं आदि की कीमतें बाजार की शक्तियों द्वारा निर्धारित नहीं होती हैं तो कीमतों के निर्धारण में अपनाई जाने वाली पद्धति, प्रयुक्त लागत निर्धारण प्रणाली और प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष सब्सिडी के तंत्र को कृपया विस्तार से बताएं ।

6. विशेष रूप से सामान्य मूल्य और निर्यात कीमत में दावा किए गए कीमत संबंधी समायोजनों के संबंध में, जहां भी कोई दावा किया जाता है, तत्संबंधी साक्ष्य प्रस्तुत करें।

7. सूचना देने वाले हितबद्ध पक्षकार को यह अवश्य सुनिश्चित करना चाहिए कि दी गई समस्त सूचना के प्रत्येक पृष्ठ के शीर्ष पर स्पष्ट रूप से ''गोपनीय'' या ''अगोपनीय'' लिखा हो । किसी चिन्ह के बिना प्रदैत्त सूचना को अगोपनीय माना जाएगा और निर्दिष्ट प्राधिकारी ऐसी अगोपनीय सूचना के निरीक्षण की अनुमति अन्य हितबद्ध पक्षकारों को देने के लिए स्वतंत्र हैं । गोपनीय सूचना के साथ यदि उसका सारांश किया जा सकता हो, तो उसका अगोपनीय सारांश होना चाहिए । तथापि, यदि निर्दिष्ट प्राधिकारी इस बात से संतुष्ट हों कि गोपनीयता का अनुरोध आवश्यक नहीं है तो उक्त सूचना को अगोपनीय माना जा सकता है ।

8. सभी अगोपनीय सूचनाओं की एक प्रति सार्वजनिक फाइल में रखी जाएगी जो जांच में भाग लेने वाले किसी भी हितबद्ध पक्षकार द्वारा अनुरोध करने पर निरीक्षण हेतु खुली रहेगी ।

9. सूचना देने वाले किसी पक्षकार को यह भी अवश्य सुनिश्चित करना चाहिए कि दी गई सूचना के प्रत्येक पृष्ठ के शीर्ष पर ''कंपनी का नाम लिखा/उल्लिखित हो ।

10. इस प्रकार प्रदत्त गोपनीय और अगोपनीय अंश को अनन्य रूप से अभिलिखित/सूचीबद्ध किया जाएगा ।

11. कृप्या परिशिष्ट ''क'' में दिए गए प्रमाण–पत्र को भरें । यदि आप जांच में अपना पक्ष रखने के लिए किसी व्यक्ति/फर्म/कंपनी को प्राधिकृत कर रहे हैं तो आप परिशिष्ट ''ख'' में दिए गए प्रपत्र का प्रयोग कर सकते हैं ।

12. कृपया विनिर्दिष्ट समय सीमा के भीतर निर्दिष्ट प्राधिकारी द्वारा यथाअपेक्षित समस्त सूचना को प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित करें । यदि यह पाया जाता है कि प्रस्तुत की गई सूचना अधूरी है या विहित प्रपत्र के अनुसार नहीं है तो निर्दिष्ट प्राधिकारी द्वारा उसे अस्वीकार किया जा सकता है । जहां भी निर्दिष्ट प्राधिकारी किसी प्रश्नावली के उत्तर को नहीं मानने का निर्णय लेते हैं, तो वह याचिकाकर्ता द्वारा प्रदत्त सूचना सहित सर्वोत्तम उपलब्ध सूचना के आधार पर प्रारंभिक और/या अंतिम जांच परिणाम निर्धारित करेंगे ।

13. कृपया पाटनरोधी जांच की प्रक्रिया के दौरान न दिए गए उत्तर/अनुरोधों के गोपनीय और अगोपनीय अंश की दो प्रतियां प्रस्तुत करें । इसके अलावा, सभी लिखित/स्पष्टीकरण अधिमानतः एम एस वर्ड फाइल में और सभी प्रपत्र/परिशिष्ट एम एस एक्सेल फार्मेट में दो वायरस रहित फ्लापियों तथा मुद्रित प्रति में उपलब्ध कराएं । (आरंभिक उत्तर के समय तथा सुनवाई/प्रत्युत्तर के बाद उत्तर/लिखित अनुरोध के दौरान) ।

**परिशिष्ट–क**

## प्रमाण–पत्र

आवश्यक जांच करने के पश्चात, मैं एतद्द्वारा प्रमाणित करता हूं कि यह जानकारी कंपनी के पास उपलब्ध और सामान्यतः रखे गए रिकॉर्ड के आधार पर मेरी सर्वोत्तम जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य, पूरी और सही हैं और कोई भी वास्तविकता छिपाई या गलत ढंग से प्रस्तुत नहीं की गई है । मुझे इस बात की जानकारी है कि यदि कोई आंकड़ा/सूचना/दावा, कंपनी द्वारा रखे गए रिकॉर्डों के विपरीत पाई जाती है तो निर्दिष्ट प्राधिकारी के पास संपूर्ण सूचना को अस्वीकार करने और उचित आकलन करने का विवेकाधिकार होगा ।

दिनांक ——————————————————

——————————————————
हस्ताक्षर

——————————————————
(नाम/पदनाम)

टिप्पणः (1) इस पृष्ठ को पूरा किया जाए और आपके अनुरोध के आरंभ में संलग्न किया जाना चाहिए।

(2) इस प्रमाण पत्र पर कंपनी के मुख्य कार्यकारी/निदेशक/भागीदार या फर्म के मालिक/इस प्रश्नावली का उत्तर प्रस्तुत करने वाली कंपनी/फर्म के विधिवत रूप से प्राधिकृत प्रतिनिधि द्वारा हस्ताक्षर किया जाना चाहिए ।

**परिशिष्ट ''ख''**

# प्राधिकार–पत्र

हम एतद्द्वारा निर्दिष्ट प्राधिकारी द्वारा की जा रही पाटनरोधी जांच में हमारा प्रतिनिधित्व करने के लिए भारत में निम्नलिखित व्यक्ति/फर्म को नियुक्त करते हैं ।

(आपका प्रतिनिधित्व करने वाले व्यक्ति/फर्म का नाम, पता, दूरभाष, फैक्स सं.)

मैं ––––––––––––––––––(नाम)–––––––––––––––– अन्य के साथ निम्नलिखित के लिए प्राधिकृत करते है। :

(1) निर्दिष्ट प्राधिकारी से पत्र प्राप्त करना ।
(2) हमारी ओर से अनुरोध करना ।
(3) हमारी ओर से उपस्थित होना

(कृपया प्राधिकृत नहीं किए जाने वाले कार्यकलाप को काट दें)

दिनांक ––––––––––––––– ––––––––––––––––––

हस्ताक्षर

––––––––––––––––––––

(नाम/पदनाम)

टिप्पण: (1) इस पृष्ठ को पूरा किया जाए और आपके अनुरोध के आरंभ में संलग्न किया जाना चाहिए।

(2) इस प्रमाण पत्र पर कंपनी के मुख्य कार्यकारी/निदेशक/भागीदार या फर्म के मालिक/इस प्रश्नावली का उत्तर प्रस्तुत करने वाली कंपनी/फर्म के विधिवत रूप से प्राधिकृत प्रतिनिधि द्वारा हस्ताक्षर किया जाना चाहिए ।

## प्रश्नावली

### क. सामान्य

कृपया निम्नलिखित सामान्य सूचना अनुबंध के रूप में संलग्न करें । अपनी कंपनी के विधिक रूप का वर्णन करें और अपने देश की वह कानूनी संविधि बताएं जिसके अधीन आपकी कंपनी स्थापित/पंजीकृत/अधिनियमित की गई है । यदि आपकी कंपनी की संरचना में कोई बदलाव होता है तो जांच अवधि सहित पिछले तीन वर्षों के दौरान प्रत्येक बदलाव के बारे में बताएं ।

1) आपकी कंपनी के मालिक/प्रमुख शेयरधारक की सूची/बताएं कि क्या उनमें से कोई आपके देश में या भारत समेत किसी अन्य देश में संबद्ध वस्तु के उत्पादन और बिक्री में संलग्न किसी अन्य कंपनी से संबंधित है ।

2) अपने मुख्य निगमित कार्यालय और भारत में अपने कार्यालय, यदि कोई हो, का पूरा पता बताएं । उनका दूरभाष, फैक्स सं. और ई–मेल बताएं । प्रमुख संपर्क व्यक्ति नाम, पता, दूरभाष, फैक्स सं. और ई–मेल बताएं (या पाटनरोधी कार्यवाही के प्रयोजनार्थ भारत में या कहीं और प्रतिनिधि/विधिक प्रतिनिधि) ।

3) शामिल उत्पाद और कंपनी द्वारा उत्पादित किए जा रहे अन्य उत्पादों के उत्पादन में कार्यरत कारखानों का पूरा पता, दूरभाष और फैक्स सं. तथा ई मेल पता सूचीबद्ध करें ।

4) आपकी सरकार द्वारा आयकर रियायत/छूट, निविष्टियों पर करों की प्रतिपूर्ति/छूट, कच्ची सामग्री, बिजली, पानी आदि जैसी सुविधाओं की सब्सिडीकृत आपूर्ति, वस्तु की आयात हकदारी जो अन्यथा आयात हेतु प्रतिबंधित है जैसे किसी तरीके से निर्यात बिक्रियों पर दिए जाने वाले प्रोत्साहनों की सूची प्रस्तुत करें ।

5) भारत समेत सभी देशों में ऐसी सभी सहायक कंपनियों या अन्य संबंधित कंपनियों का नाम और पता, दूरभाष, फैक्स सं. और ई–मेल उपलब्ध कराएं जो संबंधित उत्पाद से जुड़े हुए हैं । प्रत्येक संबंधित कंपनी के क्रियाकलाप निर्दिष्ट करें । इसके अलावा, ऐसी सभी संबंधित कंपनियों की पहचान करें जो विचाराधीन उत्पाद के विनिर्माण में प्रयुक्त निविष्टियों की आपूर्ति करती हैं या जिनकी ओर से आप इस जांचाधीन उत्पाद की बिक्री करते हैं ।

इन सभी मामलों में कृप्या संबंध की प्रकृति बताएं । बताएं कि क्या इन कंपनियों में से किसी के बोर्ड सदस्य या वरिष्ठ कार्यकारी आपके साथ साझे हैं । यदि हां तो ऐसे व्यक्तियों और उनकी पारस्परिक संबद्धता के बारे में बताएं । पक्षकारों के बीच किसी करार की प्रति संलग्न करें ।

6) संबंधित उत्पाद के लिए अनुसंधान और विकास, उत्पादन, बिक्री, लाइसेंसिंग, तकनीकी और पेटेंट करारों से संबंधित किसी अन्य कंपनी के साथ किसी वित्तीय या संविदाकारी संबंध और संयुक्त उद्यम के बारे में बताएं ।

## ख. बिक्री

1) भारत को निर्यातित और घरेलू बाजार में बेचे गए जांच में शामिल उत्पाद के विनिर्देशनों सहित संपूर्ण ब्यौरा दें । कृप्या कंपनी द्वारा प्रयोग की जा रही और इस प्रश्नावली के उत्तर में प्रयुक्त उत्पाद कोडिंग प्रणाली, यदि कोई हो, को स्पष्ट करें ।
   आपकी कंपनी द्वारा जारी कैटेलॉग और ब्राशर का पूरा सेट उपलब्ध कराएं । (अंग्रेजी में या अंग्रेजी अनुवाद के साथ) जिसमें घरेलू और निर्यात बाजार में बेचे गए संबद्ध उत्पाद की सभी किस्में शामिल हों ।
2) घरेलू बाजार में बिक्रियों और भारत को निर्यात के लिए वितरण की श्रृंखला (थोक विक्रेता, वितरक, खुदरा व्यापारी, अंतिम प्रयोक्ता आदि) उपलब्ध कराएं ।
3) बिक्री संबंधी बातचीत की प्रक्रिया और आपके घरेलू बाजार और भारत को निर्यात में वस्तुओं की बिक्री की पद्धति उपलब्ध कराएं ।
4) घरेलू बाजार में बिक्रियों और भारत को निर्यात के मामले में सृजित/प्राप्त दस्तावेजों का एक पूरा सेट उपलब्ध कराएं ।
5) घरेलू बाजार में बिक्रियों और भारत को निर्यात की सभी कीमत सूचियों की प्रतियां उपलब्ध कराएं ।
6) कृपया परिशिष्ट 1 और 2 में निर्धारित प्रपत्रों के अनुसार घरेलू बाजार और भारत को निर्यात में आपकी कंपनी की बिक्रियों से संबंधित विस्तृत सूचना उपलब्ध कराएं ।
7) परिशिष्ट 2 क और 2 ख में निर्धारित प्रपत्र में भारतीय उपभोक्ताओं को विचाराधीन वस्तुओं की बिक्री संबंधी विस्तृत सूचना प्रदान करें ।
8) बताएं कि आपके घरेलू बाजार में बेची गई वस्तु और भारत को निर्यातित वस्तुओं की कैसे तुलना की जाए यदि आप यह मानते हैं कि ये दोनों समान नहीं हैं । दोनों उत्पादों में सभी अंतर बताएं ।
9) परिशिष्ट 3 में निर्धारित प्रपत्र के अनुसार पूर्ववर्ती वर्षों और संगत अवधि (''ख ख'') के दौरान शामिल उत्पाद (''कक'') की बिक्रियों की कुल मात्राएं और निवल बिक्री आय को बताएं । कृपया जांच अवधि के लिए माह–वार सूचना उपलब्ध कराएं ।

---

''कक'' जांच के अधीन वस्तु के संबंध में 'शामिल उत्पाद' का अर्थ वे वस्तुएं हैं जो जांच के अधीन वस्तु से सभी तरह से समान हैं या यद्यपि सभी प्रकार से जांच के अधीन वस्तु के समान न हो, फिर भी उसमें जांचाधीन वस्तु से अत्यधिक मिलती–जुलती विशेषताएं हों ।

''खख'' संगत अवधि या 'जांच अवधि' को आवरण पत्र में परिभाषित किया गया है ।

10. जहां आपके घरेलू बाजार में बेची गई या उत्पादित वस्तु या भारत से इतर देशों को बेची गई वस्तु भारत को निर्यातित वस्तु से भौतिक/तकनीकी/रासायनिक विशेषताओं में भिन्न है तो ऐसी किसी भिन्नता की प्रकृति और उत्पादन लागत पर उसके प्रभाव का ब्यौरा और साक्ष्य उपलब्ध कराएं ।

## ग. <u>कीमत संरचना और बिक्री व्यवस्थाएं</u>

1. घरेलू और निर्यात बाजारों में बेची गई समान वस्तु के लिए प्रभारित इकाई कीमतें बताएं जिसमें कारखाना द्वारा स्तर के बाद प्रत्येक परिवर्तन की प्रवृति और राशि का ब्यौरा दर्शाया गया हो । सूचना अनिवार्यतः परिशिष्ट 3क, 3ख और 3ग में निर्धारित प्रपत्रों के अनुसार ही होनी चाहिए ।

2. क्या प्रश्न ग 1 में प्रभारित कीमतें :–

    - कीमत के अलावा किसी अन्य पहलू को शामिल करते हैं ।
    - किसी वाणिज्यिक या अन्य संबंध से प्रभावित होते हैं; या
    - प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष प्रतिपूर्ति के अधीन (उदाहरणार्थ बिक्री संवर्धन, विज्ञापन, वारंटी आदि) क्षतिपूर्ति या अन्य लाभ ?

3. इकाई खरीद कीमत को प्रभावित करने वाली वस्तुओं के संबंध में खरीददारों के साथ आपकी व्यापारिक व्यवस्थाओं का ब्यौरा और साक्ष्य । इन पहलुओं में निम्नलिखित शामिल होने चाहिए :–

    - करार/संविदाएं/कीमत सूचियां;
    - आर्डर देना और बीजक बनाना
    - लागू या भावी छूट, कमीशन और रिबेट
    - भुगतान के नियम
    - कोई अन्य मापदंड और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा

## घ. निवेश

1. कृपया निम्नांकित तालिका के अनुसार संबद्ध उत्पाद के उत्पादन में नियोजित राशि का ब्यौरा उपलब्ध कराएं ।

| | पिछले वित्तीय वर्ष से पहले वित्तीय वर्ष | पिछला वित्तीय वर्ष | जांच अवधि | अगले वित्त वर्ष के लिए पूर्वानुमान |
|---|---|---|---|---|
| भवन | | | | |
| विनिर्माण के लिए संयंत्र और मशीनरी | | | | |
| अन्य (निर्दिष्ट करें) | | | | |
| कुल | | | | |

## ड. लेखांकन प्रणाली और नीतियां

1. आपकी सामान्य निगमित वित्तीय लेखांकन अवधि क्या है ।

2. आपकी कंपनी और ऐसी कंपनियों जो आपसे संबंधित हैं और संबंधित उत्पाद के विपणन या बिक्री में शामिल हैं, के लिए पिछले तीन सबसे हाल के वर्षों के लिए तुलन पत्र, लाभ और हानि लेखों सहित लेखा परीक्षित लेखों और सभी रिपोर्टों, टिप्पणों, पाद टिप्पणियों और इन दस्तावेजों पर लेखा परीक्षक की राय का अंग्रेजी रूपांतरण प्रस्तुत करें ।

3. यदि आंतरित वित्तीय विवरणों, प्रबंधन रिपोर्टों, मानक लागत समीक्षा आदि को संबंधित उत्पाद या ऐसी उत्पाद श्रेणी जिसमें संबंधित उत्पाद शामिल हैं, के संबंध में तैयार किया और रखा जाता है तो पिछले तीन सबसे हाल के वित्तीय वर्षों के लिए उनकी प्रतियां उपलब्ध कराएं ।

4. उस स्थान का पूरा पता, दूरभाष, फैक्स सं., ई मेल पता, संबंधित व्यक्ति का नाम व पदनाम बताएं जहां आप कंपनी के लेखांकन रिकार्ड रखते हैं ।

5. अपनी वित्तीय लेखांकन प्रणाली का विस्तार से वर्णन करें ।

6. बताएं कि क्या आपकी लेखांकन प्रक्रियाएं आपके देश में सामान्यतः स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों (जी ए ए पी) के अनुरूप है । यदि नही ंतो उन लेखांकन प्रक्रियाओं की सूची जो आपके देश के जी ए ए पी के अनुरूप नहीं हैं ।

7. कृपया निम्नलिखित के संबंध में सूचना दें :–

(क) उत्पादन उपकरण की प्रत्येक श्रेणी की औसत उपयोगिता अवधि और मूल्यह्रास की पद्धति और प्रत्येक उपकरण के लिए प्रयुक्त दर ।

(ख) कच्ची सामग्रियों ; प्रक्रियाधीन कार्य और तैयार समान मालसूची मूल्यांकन पद्धतियां (उदाहरणार्थ फर्स्ट इन फर्स्ट आउट (एफ आई एफ ओ), लास्ट इन फर्स्ट आउट (एल आई एफ ओ); भारित औसत) आदि

(ग) सौदों से लाभ और हानि और वर्ष अंत की वित्तीय विवरणों के प्रयोजनार्थ । बताएं कि विदेशी मुद्रा की आपकी घरेलू मुद्रा में खरीद और बिक्रियों को परिवर्तित करने में प्रयुक्त विनिमय दर कितनी है । विनिमय दर के लिए प्रयुक्त तारीख अर्थात बीजक की तारीख, पोत परिवहन की तारीख आदि और उनके स्रोत उदाहरणार्थ सरकारी विनिमय दर या अन्य प्रयुक्त दर बताएं ।

(घ) व्यय और/या ब्याज पर व्यय का पूंजीकरण

(ड.) अशोध्य ऋणों के लिए प्रावधान ।

8. यदि पिछले तीन वित्तीय वर्षों के दौरान आपकी कंपनी द्वारा प्रयुक्त लेखांकन पद्धतियों में कोई बदलाव हुआ है, तो कृपया विस्तार से बताएं ।

9. आपकी कंपनी द्वारा प्रयुक्त लागत लेखांकन प्रणाली का विस्तार से वर्णन करें । सूचना में निम्नलिखित जानकारी दी जाए :–

(क) संबंधित उत्पाद के संबंध में कंपनी की लागत लेखांकन पद्धति का सामान्य विवरण ।

(ख) क्या आपके पास मानक/बजट लागतों की प्रणाली है ' यदि हां, तो कृपया जांच अवधि के लिए मानक लागत की एक प्रति उपलब्ध कराएं ।

(ग) आपकी लागत लेखांकन प्रणाली में अभिज्ञात किए गए सभी प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष लागत केन्द्रों की सूची । लागत केन्द्र में किया जाने वाला क्रियाकलाप बताएं ।

(घ) भिन्न–भिन्न लागत केन्द्रों के बीच आबंटन और लागत विभाजन की पद्धति का वर्णन करें ।

(ड.) उत्पादन प्रक्रिया के प्रत्येक चरण में सृजित उप–उत्पाद/अपशिष्ट, स्क्रैप, क्षतिग्रस्त या घटिया सामान और मरम्मत का लेखांकन आप कैसे करते हैं ।

## च. <u>उत्पादन प्रक्रिया संबंधी सूचना</u>

कृपया निम्नलिखित जानकारी उपलब्ध कराएं :

(क) संबंधित उत्पाद के लिए विनिर्माण प्रक्रिया का वर्णन करें,
(ख) प्रत्येक चरण में उत्पादन प्रवाह चार्ट और उत्पादन चक्र बताएं ।
(ग) प्रत्येक चरण में उत्पादित/खपत की गई मद का विवरण बताएं ।

## छ. उत्पादन लागत संबंधी सूचना

1. कृपया निम्नलिखित सूचना उपलब्ध कराएं :

(क) संबंधित उत्पाद के विनिर्माण में प्रयुक्त सभी कच्ची सामग्रियों की सूची ।
(ख) बताएं कि क्या उत्पादन हेतु प्रयुक्त निविष्टियां खरीदी जाती हैं या कंपनी द्वारा आबद्ध रूप से उत्पादित की जाती हैं ।
(ग) आयातित निविष्टियों के मामले में कृपया स्पष्ट करें कि क्या आयातित निविष्टियों पर कोई आयात शुल्क और कर दिए जाते हैं । क्या इन आयात शुल्कों को इन निविष्टियों के मूल्य में शामिल किया गया है ।
(घ) परिशिष्ट–5 में निर्धारित प्रपत्र के अनुसार प्रयोग की गई सभी सामग्रियों/निविष्टियों की खरीद और खपत का विवरण ।

(ड.) सभी सामग्रियों के लिए परिशिष्ट–6 में निर्धारित प्रपत्र के अनुसार संबंधित उत्पाद की प्रति इकाई खपत बताएं । खरीदी गई सामग्रियों के लिए आपूर्तिकर्ता के साथ व्यवस्था की प्रकृति बताएं और क्या वह आपसे संबंधित है।
(च) बताएं कि क्या सामग्रियों की लागत में उत्पादन में प्रयुक्त सामग्रियों को प्राप्त करने में सामान्यतः संबद्ध परिवहन प्रभार, शुल्क और अन्य व्यय शामिल हैं ।
(छ) यदि कोई सामग्री संबंधित आपूर्तिकर्ता से खरीदी गई हैं या आबद्ध रूप से उत्पादित है । कृप्या विचाराधीन सामग्री की कीमत निर्धारण का आधार बताएं । विस्तार से बताएं कि आप कैसे मानते हैं कि विचारित कीमत उचित बाजार कीमत को दर्शाती है और उसकी प्रतिनिधि है । किसी समान या तुलनीय निविष्टि उत्पाद के लिए स्वतंत्र पक्षकारों से खरीद कीमत बताएं । आबद्ध रूप से किसी संबद्ध आपूर्तिकर्ता से प्राप्त की गई मद की उत्पादन लागत भी उपलब्ध कराएं ।
(ज) स्पष्ट करें कि ब्याज लागत संबंधित उत्पाद पर कैसे प्रभारित की गई है । यदि कंपनी किसी बड़े समूह का हिस्सा है तो ब्याज प्रभारित करने का आधार बताएं।
(झ) परिशिष्ट 8, 8क, 8,ख, और 8ग, में निर्धारित प्रपत्र में बनाने और बेचने की इकाई लागत, घरेलू और निर्यात बाजारों में लाभ की जानकारी उपलब्ध कराएं।

(ट) स्पष्ट करें कि संबंधित उत्पाद के संबंध में बिक्री, सामान्य और प्रशासनिक व्यय कैसे आबंटित/विभाजित किए गए है। । परिशिष्ट–9 में निर्धारित प्रपत्र के अनुसार सूचना प्रदान करें ।

(ठ) परिशिष्ट–7 में निर्धारित प्रपत्र के अनुसार संबंधित उत्पाद और अन्य उत्पादों के व्यय का आबंटन और विभाजन उपलब्ध कराएं । समग्र रूप से कंपनी की सूचना आपके प्रकाशित वित्तीय लेखों से मेल खाती होनी चाहिए ।

(ड) परिशिष्ट–4 में प्रपत्र में निर्धारित स्थापित/मानक क्षमता, उत्पादन, स्टॉक और बिक्री संबंधी सूचना उपलब्ध कराएं । स्थापित/मानक क्षमता की गणनाओं की जानकारी दें । किसी वर्ष विशेष में कुल बिक्री मूल्य कंपनी के वार्षिक प्रकाशित लेखों से मेल खाती होनी चाहिए । यदि यह मेल नहीं खाती है, कृपया विचलन बताएं ।

(ढ) यदि भारत को निर्यातक के लिए घरेलू बाजार हेतु और अन्य देशों के लिए कारखाना लागत में अंतर है, कृप्या अंतर के लिए तत्संबंधी स्पष्टीकरण उपलब्ध कराएं।

2. क्या आपको वस्तुओं के विनिर्माण, निर्यात या परिवहन के संबंध में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कोई अनुदान, सब्सिडी या कोई अन्य सहायता प्राप्त होती है । यदि हां तो इस बात का ब्यौरा दें और बताएं कि क्या परिशिष्ट 8, 8क, 8ख और 8ग में निर्धारित प्रपत्रों के अनुसार किसी लागत में ऐसी किसी सहायता को शामिल किया या शामिल नहीं किया गया है ।

3. इस प्रश्नावली के उत्तर में दिए गए उत्पादन लागत के आंकड़ों और आपके द्वारा आपकी लेखांकन प्रणाली का प्रयोग करके सामान्यतः निर्धारित लागतों में कोई वास्तविक अंतर है । इस संदर्भ में प्रयुक्त सामग्रियों के लागत निर्धारण और पूंजीगत लागतें जैसे निधियों की लागत, मूल्यह्वास आदि का विशेष उललेख करना अपेक्षित है ।

## ज. लाभ निर्धारण

जहां भी कोई अंतर हो (उदाहरणार्थ बेची गई मात्रा, बिक्री के नियम और शर्तें, व्यापार का स्तर आदि) वहां अंतरों की प्रवृत्ति और आपके लाभ पर उनके प्रभाव का ब्यौरा और साक्ष्य दें ।

## झ. वित्तीय सूचना

जांच अवधि, चालू वर्ष और पूर्ववर्ती दो वित्तीय वर्षों के लिए आपके व्यापार और लाभ और हानि खातों और तुलन पत्रों/वार्षिक रिपोर्ट/निदेशक की रिपोर्ट (अंग्रेजी संस्करण) की प्रतियां उपलब्ध कराएं जिनमें सकल लाभ का निर्धारण, बिक्री और प्रशासनिक तथा अन्य लागतों का ब्यौरा और अनुसूचियों, निदेशक की रिपोर्ट और लेखा परीक्षक की रिपोर्ट आदि के साथ पूरी वार्षिक रिपोर्ट के साथ निवल लाभ दर्शाया गया हो ।

## ट. तीसरे देशों की सूचना

कृपया भारत से इतर देशों को निर्यातों से संबंधित सूचना प्रस्तुत करें (प्रत्येक देश के लिए अलग–अलग) । यदि सामान्य मूल्य का दावा घरेलू बाजार में बिक्रियों पर आधारित है तो इस प्रश्नावली में तीसरे देशों को निर्यातों के संबंध में निर्धारित प्रपत्र पर ध्यान न दिया जाए ।

## ठ. अनुमानित/संभावित उत्पादन, क्षमता वृद्धि आदि के संबंध में सूचना

कृपया अनुमानित/संभावित उत्पादन, क्षमता वृद्धि में निर्यातों के संबंध में सूचना उपलब्ध कराएं । कृपया जांचाधीन वस्तु की मालसूची की स्थिति के संबंध में भी ब्यौरे उपलब्ध कराएं ।

**परिशिष्ट–1**

## घरेलू बिक्रियों से संबंधित सूचना

निम्नलिखित कॉलमों वाली तालिका में जांच अवधि के दौरान विचाराधीन उत्पाद के घरेलू बाजार में आपकी बिक्री के सौदा–वार ब्यौरे दें ।

1. क्र. सं.
2. आपका उत्पाद कोड
3. बीजक संख्या
4. तारीख
5. उपभोक्ता का नाम
6. क्या संबद्ध है
7. संबद्धता के ब्यौरे
8. मात्रा
9. सकल बीजक मूल्य
10. छूट
11. निवल बीजक मूल्य
12. भूगतान की शर्तें
13. कमीशन, रिबेट, भाड़ा, परिवहन, ऋण अन्य के लिए समायोजन (इन शीर्षों के मूल्य को अलग–अलग बताएं)

**नोटः** यदि कंपनी घरेलू बाजार में उत्पाद की बिक्री नहीं करती है तो इस प्रपत्र में भारत से इतर तीसरे देशों को किए गए निर्यात का ब्यौरा दें ।

**परिशिष्ट–2**

## घरेलू बिक्रियों से संबंधित सूचना

निम्नलिखित कॉलमों वाली तालिका में जांच अवधि के दौरान विचाराधीन उत्पाद के घरेलू बाजार में आपकी बिक्री के सौदा–वार ब्यौरे दें ।

1. क्र. सं.
2. आपका उत्पाद कोड
3. बीजक संख्या
4. तारीख
5. उपभोक्ता का नाम
6. क्या संबद्ध/संबंधित है
7. संबद्धता/संबंधित होने का ब्यौरा
8. मात्रा
9. इकाई
10. सकल बीजक मूल्य **
11. छूट
12. निवल बीजक मूल्य
13. भूगतान की शर्तें
14. कमीशन, रिबेट, भाड़ा, अंतरदेशीय परिवहन, विदेशी परिवहन, ऋण और अन्य के लिए समायोजन (इन शीर्षों के अंतर्गत मूल्यों को अलग–अलग दर्शाएं)

****** एफओबी, सी एंड एफ या जैसा भी मामला हो ।

परिशिष्ट– 2क

## कंपनी की वस्तु की बिक्रियां

निम्नलिखित कालमों वाली तालिका में जांच अवधि के दौरान विचाराधीन उत्पाद के भारत को आपके निर्यातों का माह–वार ब्यौरा दें ।

कृप्या पिछले दो वर्षों और जांच अवधि के लिए विवरण तैयार करें । जांच अवधि के लिए सूचना माह–वार दी जानी चाहिए ।

1. ग्रेड (प्रत्येक ग्रेड के लिए अलग विवरण दिया जाना चाहिए)
2. संगत अवधि ——————————— से ————————————
3. कंपनी की कुल बिक्रियां

   - भारत को निर्यात मात्रा, मूल्य और दर (कृपया इकाई बताएं)
   - घरेलू बाजार में बिक्रियां मात्रा, मूल्य और दर (कृपया इकाई बताएं)
   - भारत से इतर तीसरे देशों को निर्यात (मात्रा, मूल्य और दर (कृपया इकाई बताएं))

4. निर्यातक देश की कुल बिक्रियां

   - भारत को निर्यात मात्रा, मूल्य और दर (कृपया इकाई बताएं)
   - घरेलू बाजार में बिक्रियां मात्रा, मूल्य और दर (कृपया इकाई बताएं)
   - भारत से इतर तीसरे देशों को निर्यात (मात्रा, मूल्य और दर (कृपया इकाई बताएं))

**टिप्पण :**

1. निवल बिक्री आय बताएं और उसे परिभाषित करें । मुद्रा बताएं और अम. डा. के साथ लागू विनिमय दर बताएं । ली गई विनिमय दरों का उचित साक्ष्य उपलब्ध कराएं ।
2. निर्यातक देश की कुल बिक्रियों से संबंधित सूचना निर्यातक देश की सरकार या निर्यात निजी एजेंसी द्वारा प्रकाशित सूचना के आधार पर प्रदान करें ।
3. प्रत्येक ग्रेड के लिए पृथक अनुसूची तैयार की जाए ।
4. कंपनी की कुल बिक्रियों का कुल योग परिशिष्ट में यथा प्रदत्त कुल बिक्रियों से मेल खाानी चाहिए ।

## भारत को उपभोक्तावार निर्यात बिक्रियां

भारतीय उपभोक्ताओं को विचाराधीन वस्तुओं की बिक्री से संबंधित निम्नलिखित ब्यौरे प्रदान किए जाएं :

1. आपके भारतीय उपभोक्ताओं के नाम और पतों की सूची, तथा प्रत्येक उपभोक्ता के व्यापार का स्तर (उदाहरणार्थ वितरक, थोक विक्रेता, अंतिम प्रयोक्ता)
2. प्रत्येक उपभोक्ता के लिए, कृपया निम्नलिखित ब्यौरा प्रदान करें :

    - उपभोक्ता के साथ आपके व्यापार का कोई वित्तीय या अन्य संबंध (विक्रेता/क्रेता के अतिरिक्त)
    - आपके व्यापार द्वारा उपभोक्ता को प्रदत्त कोई वित्तीय सहायता जैसे ऋण ।
    - बिक्री कीमत के संबंध में छूट, रिबेट, कमीशन या रायल्टी या कोई अन्य सहायता या प्रतिपूर्ति
    - सौदों से संबंधित कोई अन्य करार या संविदा (आपूर्ति प्रति) (उदाहरणार्थ ऋण की शर्तें विज्ञापन वारन्टी आदि) और विचाराधीन वस्तु के वर्तमान और भावी ऑर्डर (इसमें मात्रा, मूल्य और निर्धारित पोत परिवहन की तारीखें शामिल हों) ।

3. बताएं कि प्रत्येक उपभोक्ता के लिए आपकी कीमतें कैसे निर्धारित होती हैं । यदि बिक्री कीमत सूची के अनुसार होती है तो संगत अवधि के दौरान प्रयोग की गई सभी सूचियों तथा वर्तमान सूचियां उपलब्ध कराएं ।

4. कृपया किसी अन्य मामले का ब्यौरा दें जो आपके और आपके भारतीय उपभोक्ता के बीच हुआ है । जो विचाराधीन वस्तुओं की वास्तविक निर्यात कीमत को प्रभावित कर सकता हो ।

5. विचाराधीन उत्पाद के लिए कारखाने से निकलने के बाद और निर्यात के देश में बोर्ड पर्यन्त निशुल्क (एफ ओ बी) तक प्रत्येक इकाई पर आई लागत का ब्यौरा दें । ऐसी लागत में निम्नलिखित शामिल हों :–

    - निर्यात पैकिंग
    - भंडारण
    - कारखाने पत्तन/सीमा तक अंतरदेशीय भाड़ा

- बीमा
- प्रहस्तन
- निर्यात कर
- निर्यात निरीक्षण शुल्क
- सीमाशुल्क दलाल का शुल्क
- कमीशन, और
- अन्य कर

6. जहां निर्यात के देश में एफ ओ बी से इतर निर्यात बिक्री हुई है वहां कृपया उपर्युक्त पैरा पांच में सूचीबद्ध लागतों के अलावा वहन की गई अन्य लागत का कोई ब्यौरा दें । इस लागत में शामिल हैं :–

- सीमा से पत्तन का मालभाड़ा
- विदेशी मालभाड़ा
- विदेशी बीमा
- भारतीय सीमाशुल्क
- भारत में सीमाशुल्क एजेंट शुल्क और भारत में पत्तन और परिवहन लागत

7. क्या आपको निर्यात बिक्रियां नकद आधार पर की गई हैं ? यदि यह बिक्रियां नकद आधार पर नहीं हैं तो आप ऋण को अलग–अलग शर्तों के लिए कीमत में अंतर कैसे करते है। ? यदि यह आपके ऋण लागत से भिन है तो आप को कंपनी को इस ऋण को देने की लागत कितनी है अर्थात आपकी भुगतान की शर्तें क्या हैं और कितनी ब्याज दर प्रभारित की जाती है ? कृपया बताएं कि आपने इस राशि की गणना कैसे की है ।

8. कृपया विचाराधीन वस्तु पर लगाए गए किसी ऐसे कर या शुल्क का ब्यौरा दें जिन्हें निर्यात पर माफ या वापस किया गया है ।

   संगत अवधि के लिए परिशिष्ट–2 में दिए गए प्रपत्र में प्रत्येक उपभोक्ता के लिए विचाराधीन वस्तु की बिक्रियों की एक सूची उपलब्ध कराएं ।

परिशिष्ट–3

# प्रचालन संबंधी आंकड़े

| कृपया इकाई बताएं | पिछले वित्त वर्ष से पहले वित्त वर्ष | | पिछला वित्तीय वर्ष | | जांच अवधि | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | मात्रा | मूल्य | मात्रा | मूल्य | मात्रा | मूल्य |
| कुल कंपनी | | | | | | |
| कारोबार (सभी उत्पाद–कुल बिक्री) >> | | | | | | |
| घरेलू बाजार >> | | | | | | |
| भारत<br>अन्य देश >> | | | | | | |
| संबंधित उत्पाद सहित क्षेत्र<br>का कारोबार >> | | | | | | |
| घरेलू बाजार > | | | | | | |
| भारत >> | | | | | | |
| अन्य देश >> | | | | | | |
| संबंधित उत्पाद का कुल कारोबार >> | | | | | | |
| घरेलू बाजार > | | | | | | |
| भारत >> | | | | | | |
| अन्य देश >> | | | | | | |

परिशिष्ट–3 क

## भारत को निर्यात के लिए बिक्री कीमत संरचना

संपूर्ण संगत अवधि को लागू सभी कीमतों और प्रभारों का ब्यौरा दें जिनमें बदलाव की तारीख दी गई हो ।

ग्रेड ——————————————————————————————

अवधि ——————————— से ——————————————— तक

———————————————————————————————————————————

क. बिक्री कीमत (प्रति इकाई)

ख. छूट / कमीशन

ग. कारखाना द्वार के पश्चात प्रभार

I. एफ ओ बी से पहले

1. पैकिंग
2. अंतदेर्शीय भाड़ा
3. बीमा
4. भंडारण
5. संभलाई
6. कर
7. अन्य (विनिर्दिष्ट करें)

II. एफ ओ बी पश्चात

1. विदेशी भाड़ा
2. विदेशी बीमा
3. पोत परिवहन प्रभार
4. शुल्क
5. बिक्री कर
6. निकासी और संभलाई
7. अन्य (विनिर्दिष्ट करें)

कुल लागत ( I और II)

कीमत कारखाना द्वार स्तर

---

1. कृपया प्रत्येक शीर्ष के बारे में स्पष्टीकरण दें ।
2. प्रत्येक ग्रेड के लिए एक पृथक अनुसूची तैयार की जानी चाहिए ।
3. मुद्रा बताएं और अम.डॉ. से विनिमय की लागू दर बताएं ।
4. यदि कोई कर घरेलू बिक्रियों पर लागू है और निर्यातों पर एकत्र नहीं होता है या यदि निर्यात बिक्रियों के संबंध में कोई वापसी की जाती है या प्रोत्साहन दिए जाते हैं तो कृपया उनकी प्रकृति और दर और आर्डर की प्रति के साथ अलग से प्रति इकाई निर्यात कीमत पर उसका प्रभाव बताएं ।

परिशिष्ट–3 ख

## घरेलू बिक्रियों के लिए बिक्री कीमत संरचना

संपूर्ण संगत अवधि को लागू सभी कीमतों और प्रभारों का ब्यौरा दें जिनमें बदलाव की तारीख दी गई हो ।

ग्रेड ———————————————————————————

अवधि —————————— से ————————————— तक

————————————————————————————————————————

1. बिक्री कीमत (प्रति इकाई)
2. छूट / कमीशन
3. कारखाना द्वार के पश्चात

    1. पैकिंग
    2. अंतदेर्शीय भाड़ा
    3. बीमा
    4. भंडारण
    5. संभलाई
    6. कर
    7. अन्य (विनिर्दिष्ट करें)

कुल (1 से 7)

————————————————————————————————————

कारखाना द्वार स्तर पर कीमत

————————————————————————————————————

नोटः
1. प्रत्येक शीर्ष के बारे में स्पष्टीकरण दें ।
2. प्रत्येक ग्रेड के लिए एक पृथक अनुसूची तैयार की जानी चाहिए।
3. मुद्रा बताएं और अम. डा. के साथ विनिमय की लागू दर बताएं ।

**परिशिष्ट–3 ग**

## भारत से इतर देशों को निर्यात के लिए बिक्री कीमत संरचना

संपूर्ण संगत अवधि को लागू सभी कीमतों और प्रभारों का ब्यौरा दें जिनमें बदलाव की तारीख दी गई हो ।

ग्रेड ——————————————————————————————————

अवधि ————————————— से ————————————————— तक

———————————————————————————————————————————————————

क. बिक्री कीमत (प्रति इकाई)
ख. छूट/कमीशन
ग. कारखाना द्वार के पश्चात

क. एफ ओ बी से पहले
1. पैकिंग
2. अंतदेर्शीय भाड़ा
3. बीमा
4. भंडारण
5. संभलाई
6. कर
7. अन्य (विनिर्दिष्ट करें)

ख. एफ ओ बी पश्चात

1. विदेशी भाड़ा
2. विदेशी बीमा
3. पोत परिवहन प्रभार
4. शुल्क
5. बिक्री कर
6. निकासी और संभलाई
7. अन्य (विनिर्दिष्ट करें)

कुल ( क + ख)

———————————————————————————————————————————————————

कीमत कारखाना द्वार स्तर

———————————————————————————————————————————————————

1. कृपया प्रत्येक शीर्ष के बारे में स्पष्टीकरण दें ।
2. प्रत्येक ग्रेड के लिए एक पृथक अनुसूची तैयार की जानी चाहिए ।
3. मुद्रा बताएं और अम.डॉ. से विनिमय की लागू दर बताएं ।
4. यदि कोई कर घरेलू बिक्रियों पर लागू है और निर्यातों पर एकत्र नहीं होता है या यदि निर्यात बिक्रियों के संबंध में कोई वापसी की जाती है या प्रोत्साहन दिए जाते हैं तो कृपया उनकी प्रकृति और दर और आर्डर की प्रति के साथ अलग से प्रति इकाई निर्यात कीमत पर उसका प्रभाव बताएं ।
5. कृपया प्रत्येक देश के लिए यह सूचना अलग–अलग दें ।

**परिशिष्ट–4**

## स्थापित / मानक क्षमता, उत्पादन और बिक्री दर्शाने वाला विवरण

यह विवरण विचाराधीन उत्पाद के विनिर्माण में उत्पादित और प्रयुक्त सभी निविष्टियों और ऐसे सभी उत्पादों जिनमें विचाराधीन उत्पाद का कंपनी द्वारा किसी निविष्टि के रूप में उपभोग किया गया है । जांच अवधि और पिछले दो वित्तीय वर्षों के लिए पृथक विवरण तैयार किया जाना है ।

1. उत्पाद का नाम
2. इकाई
3. क्षमता
    - मानक / स्थापित
4. आरंभिक स्टॉक
5. उत्पादन की मात्रा
6. उत्पादन का मूल्य
7. बिक्री मात्रा
    - घरेलू बाजार
    - भारत को निर्यात
    - अन्य देशों को निर्यात
    - आबद्ध अंतरण
    -
8. बिक्री मूल्य
    - बिक्री मूल्य
    - घरेलू बाजार
    - भारत को निर्यात
    - अन्य देशों को निर्यात
    - आबद्ध अंतरण
9. अंतिम स्टॉक

नोटः मुद्रा बताएं और उपर्युक्त गणनाओं में लागू अमरीकी डॉलर की विनिमय दर बताएं ।

परिशिष्ट–5

## कच्ची सामग्री और पैकिंग सामग्री की खपत और विवरण

| विवरण | आरंभिक स्टॉक<br>मात्रा दर मूल्य | खरीद<br>मात्रा दर मूल्य | अंतिम स्टॉक<br>मात्रा दर मूल्य | खपत<br>मात्रा दर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| कच्ची सामग्री (मद वार) | | | | |
| पैकिंग सामग्री (मद वार) | | | | |
| कुल | | | | |

नोट :– यह विवरण जांच अवधि के लिए होना चाहिए ।

परिशिष्ट–6

## कच्ची सामग्री की खपत का विवरण

| **विवरण** | **इकाई** | **प्रति इकाई** | **वास्तविक खपत उत्पादन की प्रति इकाई** | | **जांच अवधि के लिए औसत दर** |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | **पूर्ववर्ती वर्ष** | **जांच की अवधि** | |
| कच्ची सामग्रियां (मद वार) | | | | | |
| जांच अवधि की दरों पर विचार करते हुए प्रति इकाई उत्पादन की कुल लागत | | | | | |

* खपत मानकों के स्रोत बताएं

** यदि खपत की गई कच्ची सामग्री आबद्ध रूप से उत्पादित होती है तो उन कच्ची सामग्रियों की उत्पादन लागत और औसत बिक्री प्राप्ति का ब्यौरा अलग से उपलब्ध कराएं ।

परिशिष्ट–7

## व्यय का आवंटन और विभाजन

कृपया जांच अवधि के दौरान कंपनी के कुल व्यय में से संबद्ध उत्पाद और अन्य उत्पादों के लिए आबंटित राशि के साथ निम्नलिखित प्रपत्र के अनुसार उसका आधार उपलब्ध कराएं ।

**कंपनी का नाम**

| **क्र. सं.** | **विवरण** | **कुल कंपनी समग्र रूप से** | **जांचाधीन उत्पाद के लिए नियोजित हिस्सा** | **विचाराधीन उत्पाद के लिए अप्रयोज्य हिस्सा** | **आबंटन/विभाजन का आधार** |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कच्ची सामग्रियां (मद–वार) | | | | |
| 2 | उपभोज्य स्टोर और कलपुर्जे/अन्य निविष्टियां | | | | |
| 3 | सुविधाएं (विद्युत, ईंधन, भाप आदि) | | | | |
| 4 | प्रत्यक्ष श्रमिक | | | | |
| 5 | अतिरिक्त विनिर्माण (प्रमुख शीर्ष में विनिर्दिष्ट करें) | | | | |
| 6 | अनुसंधान और विकास | | | | |
| 7 | प्रशासनिक अधिशेष | | | | |
| 8 | बिक्री और वितरण लागत | | | | |
| 9 | मूल्यह्रास | | | | |
| 10 | वित्तीय व्यय | | | | |
| 11 | अन्य विविध व्यय | | | | |
| 12 | कुल व्यय | | | | |
| 13 | बिक्री | | | | |
| 14 | अन्य आय | | | | |
| 15 | कुल आय | | | | |
| 16 | लाभ/हानि | | | | |

नोटः–
1. इस प्रपत्र में दी गई सूचना कार्यरत लेखाकार द्वारा प्रमाणित की जाएगी।
2. आय और व्यय की सभी मदों का वार्षिक लेखों से मिलान किया जाएगा।

परिशिष्ट–8

## उत्पादन लागत संबंधी विवरण

| विवरण | पूर्ववर्ती लेखा वर्ष | | | | जांच अवधि | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स्थापित / मानक क्षमता (मात्रा) | | | | | | | | |
| उत्पादन (मात्रा) | | | | | | | | |
| क्षमता उपयोग (%) | | | | | | | | |
| बिक्री मात्रा | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | मात्रा | दर | मूल्य | प्रति इकाई लागत | मात्रा | दर | मूल्य | प्रति इकाई लागत |
| विनिर्माण व्यय<br>कच्ची सामग्रिया<br>(प्रमुख कच्ची सामग्रियां बताएं)<br>उपभोज्य स्टोर और कलपुर्जे<br>सुविधाएं (बिजली, ईंधन, भाप आदि)<br>प्रत्यक्ष व्यय<br>विनिर्माण अधिशेष<br>मूल्यह्रास<br>अन्य (कृपया व्यय की प्रवृत्ति बताएं) | | | | | | | | |
| सामान्य और प्रशासनिक अतिरिक्त व्यय | | | | | | | | |
| बिक्री व्यय | | | | | | | | |
| वित्तीय व्यय | | | | | | | | |
| घटाएं: विविध आय (संबंधित उत्पाद से) | | | | | | | | |
| निर्माण और बिक्री की कुल लागत | | | | | | | | |
| बिक्री कीमत | | | | | | | | |
| लाभ / हानि | | | | | | | | |

नोटः कृपया जहां प्रयोज्य हो, इकाई बताएं

इस प्रपत्र में दी गई सूचना कार्यरत लेखाकार द्वारा प्रमाणित की जाए ।

**परिशिष्ट 8– क**

## भारत को निर्यात की कारखाना लागत और लाभ

ग्रेड ——————————————————————————

अवधि ————————————से ———————————— तक

| समग्रियां (कृपया प्रत्येक कच्ची सामग्री और अंतिम उत्पाद में उसका अनुपात बताएं) | इकाई | मात्रा | दर | मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1. | | | | |
| 2. | | | | |
| 3. | | | | |
| 4. | | | | |
| 5. | | | | |
| उपभोज्य स्टोर और कलपुर्जे | | | | |
| प्रत्यक्ष श्रम | | | | |
| सुविधाएं (जैसे बिजली, पानी, गैस, तेल आदि) | | | | |
| **अतिरिक्त व्यय** | | | | |
| • विनिर्माण अतिरिक्त व्यय | | | | |
| • मूल्यह्रास | | | | |
| • वित्तीय लागत | | | | |
| • ब्याज लागत | | | | |
| • पैकिंग लागत | | | | |
| • अन्य लागत यदि कोई हो | | | | |
| • बिक्री और प्रशासनिक लागतें | | | | |
| **कारखाना द्वार लागत** (यदि इसमें कर शामिल हैं तो उन्हें बताएं और उनका अलग–अलग ब्यौरा दें) | | | | |
| कर पूर्व निवल लाभ/घाटा | | | | |
| इकाई बिक्री कीमत (कारखाना द्वार) | | | | |

1. प्रत्येक ग्रेड के लिए एक पृथक अनुसूची तैयार की जानी चाहिए ।
2. मुद्रा बताएं और अम.डॉ. से विनिमय की लागू दर बताएं ।
3. लागत निर्धारण से बाहर रखे गए कर जैसे उत्पाद शुल्क, कारोबार या उत्पाद कर आदि को दर और मूल्य के अनुसार बताएं ।
4. उत्पादन, खरीद, बिक्री और कच्ची सामग्रियों के परिवहन, सुविधाओं, वित्तपोषण आदि पर सरकार द्वारा दी जाने वाली प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष सब्सिडियां यदि कोई हों, और शामिल नहीं की गई हों, तो प्रति इकाई उत्पादन लागत पर आयात को दर्शाते हुए बताएं ।
5. प्रयोग की गई लागत लेखांकन की प्रणाली का वर्णन करें ।

**परिशिष्ट 8– ख**

## घरेलू बिक्रियों की कारखाना लागत और लाभ

ग्रेड ——————————————————————————
अवधि ————————————से ———————————— तक

| समग्रियां (कृपया प्रत्येक कच्ची सामग्री और अंतिम उत्पाद में उसका अनुपात बताएं) | इकाई | मात्रा | दर | मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1. | | | | |
| 2. | | | | |
| 3. | | | | |
| 4. | | | | |
| 5. | | | | |
| उपभोज्य स्टोर और कलपुर्जे | | | | |
| प्रत्यक्ष श्रम | | | | |
| सुविधाएं (जैसे बिजली, पानी, गैस, तेल आदि) | | | | |
| **अतिरिक्त व्यय** | | | | |
| • विनिर्माण अतिरिक्त व्यय | | | | |
| • मूल्यह्रास | | | | |
| • वित्तीय लागत | | | | |
| • ब्याज लागत | | | | |
| • पैकिंग लागत | | | | |
| • अन्य लागत यदि कोई हो | | | | |
| • बिक्री और प्रशासनिक लागतें | | | | |
| **कारखाना द्वार लागत** (यदि इसमें कर शामिल हैं तो उन्हें बताएं और उनका अलग–अलग ब्यौरा दें) | | | | |
| कर पूर्व निवल लाभ/घाटा | | | | |
| इकाई बिक्री कीमत (कारखाना द्वार) | | | | |

1. प्रत्येक ग्रेड के लिए एक पृथक अनुसूची तैयार की जानी चाहिए ।
2. मुद्रा बताएं और अम.डॉ. से विनिमय की लागू दर बताएं ।
3. लागत निर्धारण से बाहर रखे गए कर जैसे उत्पाद शुल्क, कारोबार या उत्पाद कर आदि को दर और मूल्य के अनुसार बताएं ।
4. उत्पादन, खरीद, बिक्री और कच्ची सामग्रियों के परिवहन, सुविधाओं, वित्तपोषण आदि पर सरकार द्वारा दी जाने वाली प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष सब्सिडियां यदि कोई हों, और शामिल नहीं की गई हों, तो प्रति इकाई उत्पादन लागत पर आयात को दर्शाते हुए बताएं ।
5. प्रयोग की गई लागत लेखांकन की प्रणाली का वर्णन करें ।

**परिशिष्ट 8– ग**

## भारत से इतर देशों को निर्यात की कारखाना लागत और लाभ

ग्रेड ——————————————————————————————

अवधि ——————————————से —————————————— तक

| समग्रियां (कृपया प्रत्येक कच्ची सामग्री और अंतिम उत्पाद में उसका अनुपात बताएं) | इकाई | मात्रा | दर | मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1. | | | | |
| 2. | | | | |
| 3. | | | | |
| 4. | | | | |
| 5. | | | | |
| उपभोज्य स्टोर और कलपुर्जे | | | | |
| प्रत्यक्ष श्रम | | | | |
| सुविधाएं (जैसे बिजली, पानी, गैस, तेल आदि) | | | | |
| **अतिरिक्त व्यय** | | | | |
| • विनिर्माण अतिरिक्त व्यय | | | | |
| • मूल्यह्रास | | | | |
| • वित्तीय लागत | | | | |
| • ब्याज लागत | | | | |
| • पैकिंग लागत | | | | |
| • अन्य लागत यदि कोई हो | | | | |
| • बिक्री और प्रशासनिक लागतें | | | | |
| **कारखाना द्वार लागत** (यदि इसमें कर शामिल हैं तो उन्हें बताएं और उनका अलग–अलग ब्यौरा दें) | | | | |
| कर पूर्व निवल लाभ/घाटा | | | | |
| इकाई बिक्री कीमत (कारखाना द्वार) | | | | |

1. प्रत्येक ग्रेड के लिए एक पृथक अनुसूची तैयार की जानी चाहिए ।
2. मुद्रा बताएं और अम.डॉ. से विनिमय की लागू दर बताएं ।
3. लागत निर्धारण से बाहर रखे गए कर जैसे उत्पाद शुल्क, कारोबार या उत्पाद कर आदि को दर और मूल्य के अनुसार बताएं ।
4. उत्पादन, खरीद, बिक्री और कच्ची सामग्रियों के परिवहन, सुविधाओं, वित्तपोषण आदि पर सरकार द्वारा दी जाने वाली प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष सब्सिडियां यदि कोई हों, और शामिल नहीं की गई हों, तो प्रति इकाई उत्पादन लागत पर आयात को दर्शाते हुए बताएं ।
5. प्रयोग की गई लागत लेखांकन की प्रणाली का वर्णन करें ।

परिशिष्ट–9

# बिक्री, सामान्य और प्रशासनिक अतिरिक्त व्ययों के आबंटन का विवरण

| कंपनी का नाम | सभी उत्पादों का कुल मूल्य | | निम्न की बिक्री पर आई कुल लागत | | | | निम्नलिखित की बिक्री पर आई लागत | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | स्वतंत्र घरेलू उपभोक्ता | | | | संबंधित घरेलू उपभोक्ता | | | | भारत में स्वतंत्र उपभोक्ता | | | | भारत में संबंधित उपभोक्ता | | | | अन्य देशों में स्वतंत्र उपभोक्ता | | | | अन्य देशों में संबंधित उपभोक्ता | | | |
| | | | संबंधित उत्पाद | | अन्य उत्पाद | | संबंधित उत्पाद | | अन्य उत्पाद | | संबंधित उत्पाद | | अन्य उत्पाद | | संबंधित उत्पाद | | अन्य उत्पाद | | संबंधित उत्पाद | | अन्य उत्पाद | | संबंधित उत्पाद | | अन्य उत्पाद | | संबंधित उत्पाद | | अन्य उत्पाद | |
| | मूल्य | % | मूल्य | % | मूल्य | % | मूल्य | % | मूल्य | % | मूल्य | % | मूल्य | % | मूल्य | % | मूल्य | % | मूल्य | % | मूल्य | % | मूल्य | % | मूल्य | % | मूल्य | % | मूल्य | % |
| कारोबार | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| एस जी एंड ए व्ययों को अलग से सूचीबद्ध करें | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| प्रचार | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| आदि | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| कुल एस जी एंड ए | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |

कारोबार के संगत आंकड़े निवल कारोबार (सभी छूटों, सभी करों के निवल के बाद) होना चाहिए औरे प्रत्येक कॉलम में अनिवार्यतः अलग से दिया जाना चाहिए । ''% '' कालम निवल कारोबार में प्रतिशत दर्शाते हैं, प्रत्येक लागत की राशि को निवल कारोबार के प्रतिशत के रूप में व्यक्त किया जाए ।